भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 2489
गुरुवार, 13 मार्च, 2025/22 फाल्गुन, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

महाराणा प्रताप हवाई अड्डे का विकास

2489. श्री चन्द्र प्रकाश जोशीः

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) महाराणा प्रताप हवाई अड्डे, उदयपुर के विकास के लिए सरकार द्वारा अनुमोदित प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है;
(ख) गत दस वर्षों के दौरान उदयपुर हवाई अड्डे के विकास के लिए किये गये कार्यों का ब्यौरा क्या है;
(ग) उक्त हवाई अड्डे से वर्तमान में संचालित की जा रही उड़ानों का ब्यौरा क्या है तथा मंत्रालय इस संबंध में क्या कदम उठा रहा है; और
(घ) क्या उदयपुर हवाई अड्डे से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें संचालित करने का कोई प्रस्ताव मंत्रालय के पास लंबित है और यदि हां, तो इसके लिए जिम्मेदार कारक क्या हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) : हवाईअड्डों का विस्तार और उन्नयन एक सतत प्रक्रिया है और इसे हवाईअड्डा संचालकों द्वारा समय-समय पर भूमि की उपलब्धता, वाणिज्यिक व्यवहार्यता, सामाजिक-आर्थिक विवेचन, यातायात की मांग/एयरलाइनों की ऐसे हवाईअड्डों से परिचालन करने की इच्छा के आधार पर किया जाता है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने 887.00 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से उदयपुर हवाईअड्डे पर नए एकीकृत टर्मिनल भवन का निर्माण कार्य शुरू किया है।
(ख) : पिछले दस वर्षों के दौरान उदयपुर हवाईअड्डे के विकास के लिए किए गए कार्यों का विवरण अनुलग्नक में है।
(ग) : वर्तमान में, इंडिगो, एलाइंस एअर, एअर इंडिया उदयपुर हवाईअड्डे से अहमदाबाद, बेंगलुरु, मुंबई, शमशाबाद, दिल्ली, जयपुर और इंदौर को जोड़ने वाली उड़ानें परिचालित कर रही हैं।
(घ) : उदयपुर हवाईअड्डा एक घरेलू हवाईअड्डा है। किसी हवाईअड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के रूप में घोषित करना यातायात क्षमता, अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के संचालन के लिए एयरलाइनों की मांग और द्विपक्षीय हवाई सेवा समझौते के अलावा ग्राउंड लाइटिंग सुविधाओं, इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम, रनवे की लंबाई, आप्रवासन, स्वास्थ्य और पशु एवं पौधों के लिए संगरोध सेवाओं आदि के प्रावधान पर निर्भर करता है। वर्तमान में, महाराणा प्रताप हवाईअड्डा, उदयपुर को अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के रूप में घोषित करने का कोई प्रस्ताव नागर विमानन मंत्रालय में विचाराधीन नहीं है।

******

अनुलग्नक

(दिनांक 13.03.2025 के लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 2489 के उत्तर में संदर्भित विवरण)

क्रम सं.	कार्य का नाम	पूरा होने की तारीख
1	उदयपुर हवाईअड्डे पर मेट्रोलॉजिकल विभाग के लिए हाइड्रोजेन कक्ष का स्थानांतरण एवं निर्माण	मई 2015
2	उदयपुर हवाईअड्डे पर कुत्ता घर का निर्माण	फरवरी 2016
3	उदयपुर हवाईअड्डे पर चार (04) सुरक्षा वॉच टावरों का निर्माण	मई 2016
4	उदयपुर हवाईअड्डे पर सीआईएसएफ के लिए बैरक का निर्माण	अप्रैल 2017
5	उदयपुर हवाईअड्डे पर वर्षा जल संचयन प्रणाली के साथ आरईएसए और तूफान जल निकासी प्रणाली के निर्माण सहित परिचालन क्षेत्र का ग्रेडिंग और समतलीकरण	जून 2018
6	उदयपुर हवाईअड्डे पर एनएच-76 से सटी भूमि को एनएचएआई को सौंपने के कारण नई बाउन्डरी दीवार का निर्माण	अप्रैल 2018
7	महाराणा प्रताप हवाईअड्डा उदयपुर पर एप्रन, लिंक टैक्सी वे का निर्माण और आइसोलेशन बे के विस्तार सहित संबद्ध कार्य	जनवरी 2020
8	उदयपुर हवाईअड्डे पर नए एप्रन और लिंक टैक्सीवे के संचालन के लिए अतिरिक्त सिविल कार्य	नवंबर 2019
9	उदयपुर हवाईअड्डे पर रनवे 08 और 26 की ओर पुराने टर्निंग पैडों को मजबूत करना	जून 2018
10	उदयपुर हवाईअड्डे पर चार्ली टैक्सी के हैंगर के सामने एप्रन का विस्तार	फरवरी 2019
11	उदयपुर हवाईअड्डे पर प्रचालन परिधि सड़क का सुदृढ़ीकरण और री-कार्पेटिंग तथा रनवे के 08 और 26 छोर पर क्रैश गेटों और रनवे के बीच सड़क का निर्माण	नवंबर 2019
12	उदयपुर हवाई अड्डे पर डीवीओआर का निर्माण	जनवरी 2020
13	रनवे की री-सर्फेसिंग, बी-777 वीआईपी उड़ान संचालन के लिए फिललेट्स और टर्न पैड उपलब्ध कराना	दिसंबर 2022